# मछली की नई प्रजाति की खोज

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में **भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI)** के वैज्ञानिकों ने **पश्चिम बंगाल के दीघा मोहना** से **गहरे पानी में चमकीले नारंगी रंग की समुद्री मछली** की एक नई प्रजाति की खोज की है।



//

## खोजी गई मछली की प्रजाति:

- **परिचय:**
  - यह नई प्रजाति, जिसे आमतौर पर **गर्नार्ड्स या सी-रॉबिन्स** के नाम से जाना जाता है, ट्राइग्लिडे परिवार से संबंधित है।
  - मछली का नाम **प्टेरीगोट्रिग्ला इंटरमेडिका (Pterygotrigla Intermedica)** है, इसके लक्षण **Pterygotrigla hemistictus** जैसी प्रजाति से काफी मिलते-जुलते हैं। विश्व भर में ट्राइग्लिडे परिवार की कुल 178 प्रजातियाँ मौजूद हैं।
- **विशिष्टताएँ:**
  - **आंतरिक सतह पर काली झिल्लियों वाला एक विशिष्ट पेक्टोरल-फिन**, पिछला सफेद किनारा और **फिन के मध्य भाग में तीन छोटे सफेद धब्बे** इसे औरों से अलग बनाते हैं।
- **इस खोज का महत्त्व:**
  - **यह नई समुद्री मछली भारत में पाई की जाने** वाली "**प्टेरीगोट्रिग्ला**" जीनस की चौथी प्रजाति है।
  - यह भारत में अद्वितीय समुद्री पारिस्थितिक तंत्र की हमारी समझ को बेहतर बनाने में मदद करेगी तथा समुद्री जैवविविधता के मामले में देश की मज़बूत स्थिति को रेखांकित करेगी।

## भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI):

- **यह पर्यावरण और वन मंत्रालय का एक अधीनस्थ संगठन है**, इसे वर्ष **1916 में स्थापित** किया गया था।
- यह देश की **असाधारण समृद्ध जीव विविधता** पर ज्ञान की उन्नति हेतु अग्रणी संसाधनों के **सर्वेक्षण और अन्वेषण के लिये एक राष्ट्रीय केंद्र है**।
- इसका मुख्यालय **कोलकाता** में और 16 क्षेत्रीय स्टेशन देश के विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर स्थित हैं।

## UPSC सिविल सेवा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. हाल ही में हमारे वैज्ञानिकों ने केले के पौधे की नई और भिन्न जाति की खोज की है जिसकी ऊँचाई लगभग 11 मीटर तक होती है और उसके फल का गूदा नारंगी रंग का है। यह भारत के किस भाग में खोजी गई है? (2016)**

(a) अंडमान द्वीप
(b) अनाईमलाई वन
(c) मैकाले पहाड़ियाँ
(d) पूर्वोत्तर उष्णकटिबंधीय वर्षावन

**उत्तर: (A)**

---

# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25 सितंबर, 2023

## मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान में तलाशी अभियान

हाल ही में वन विभाग तमिलनाडु के मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान और आसपास के वन क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों एवं शिकारियों की कोई अवैध आवाजाही न हो।

- मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट में तमिलनाडु के उत्तर-पश्चिमी कोने में स्थित है।
- यह मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, वायनाड वन्यजीव अभयारण्य और साइलेंट वैली के साथ नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व (UNESCO विश्व धरोहर स्थल) का एक भाग है।
- **कीस्टोन प्रजाति:** उद्यान का निर्माण इसकी कीस्टोन प्रजाति, नीलगिरि तहर की रक्षा के लिये किया गया था।
- **वन प्रकार:** उद्यान की विशेषता उच्च वर्षा, लगभग शून्य तापमान एवं तेज़ वायु वाले अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्र में शोला वनों से घिरे **पर्वतीय घास के मैदान और झाड़ियाँ हैं।**
- **शिखर/चोटियाँ:** उद्यान **मुकुर्थी पीक** का भी क्षेत्र है, जो नीलगिरि पहाड़ियों की सबसे ऊँची चोटियों में से एक है।
- **उद्यान के क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली जनजातियाँ: टोडा** (नीलगिरि पहाड़ियों की एक देहाती जनजाति)।




और पढ़ें ...[राष्ट्रीय उद्यान](), [वायनाड वन्यजीव अभयारण्य]()

# उत्तर प्रदेश में नवजात टीकाकरण की निगरानी

हाल ही में उत्तर प्रदेश में नवजात टीकाकरण (पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिये) की नियत तारीखों की गणना करने में फ्रंट-लाइन स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं की सहायता हेतु **टीकाकरण चक्र** नामक एक उपकरण लॉन्च किया गया है।

- **[इम्युनाइज़ेशन]() व्हील** जिसे हिंदी में **टीकाकरण चक्र** कहा जाता है, **क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव (CHAI)** के तहत **क्लिंटन फाउंडेशन** द्वारा विकसित और वित्त पोषित एक साधारण प्लास्टिक लेमिनेटेड कार्डबोर्ड निर्माण है।
- इसमें दो डिस्क होती हैं, एक को दूसरे के ऊपर रखा जाता है, जिसमें एक डिस्क दूसरे से बड़ी होती है और एक कील से जुड़ी होती है। छोटी डिस्क में टीकों और तीरों के डिटेल्स बने हैं; बड़ी डिस्क में दिनों व महीनों वाला एक कैलेंडर होता है।
- स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता बच्चे के जन्म को आशा डायरी (**ASHA diary)** में दर्ज़ करते हैं। वे प्रथम टीके से जन्मतिथि का मिलान करने के लिये चक्र का उपयोग करते हैं और अन्य तिथियाँ तद्नुसार संरेखित हो जाती हैं।

**और पढ़ें:** [मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता](), [राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन]()

# भारत, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास

- **भारतीय नौसेना के युद्धपोत, आई.एन.एस. सह्याद्रि** ने 20-21 सितंबर, 2023 तक **रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना** (RAN) और **इंडोनेशियाई नौसेना** के साथ आयोजित **पहले त्रिपक्षीय समुद्री साझेदारी अभ्यास** में भाग लिया।
    - इस अभ्यास से तीनों देशों के मध्य **साझेदारी को मज़बूत करने** और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं **सुरक्षित [हिंद-प्रशांत क्षेत्र]() का समर्थन करने** के लिये सामूहिक क्षमता में सुधार हुआ।
- आई.एन.एस. सह्याद्रि, **स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया और निर्मित प्रोजेक्ट-17 श्रेणी के मल्टीरोल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा जहाज़ है**, इसका निर्माण 'मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स
- लिमिटेड' (मुंबई) में किया गया था।
    - [प्रोजेक्ट 17 श्रेणी](), जिसे **शिवालिक श्रेणी** के नाम से भी जाना जाता है। ये **भारत में निर्मित पहले स्टील्थ युद्धपोत** थे।
    - शिवालिक **रूसी, भारतीय** और **पश्चिमी हथियार व सेंसर सिस्टम** का मिश्रण है।

## काओबल गली-मुश्कोह घाटी

- कभी **कारगिल युद्ध** के दौरान रणभूमि रही **काओबल गली-मुश्कोह घाटी** को पर्यटकों के लिये खोल दिया गया है। इसका पूरा श्रेय **भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी युद्धविराम समझौते** को दिया जाता है, ऐसे में यह आशा है कि इस क्षेत्र में **पर्यटन-संचालित वाणिज्य में वृद्धि** देखी जा सकेगी।
- उत्तरी कश्मीर में स्थित **गुरेज़ घाटी**, जहाँ कभी पाकिस्तान की ओर से अक्सर गोलाबारी के मामले सामने आते रहते थे, **कारगिल के द्रास सेक्टर** (लद्दाख) में स्थित **मुश्कोह घाटी** से जुड़ने के लिये पूरी तरह तैयार है।
    - 130 किलोमीटर लंबी सड़क पर्यटकों और '**काओबल गली**' के लिये खोल दी गई है। **गुरेज़ में 4,166.9 मीटर की ऊँचाई वाला सबसे ऊँचा दर्रा इन दो घाटियों को जोड़ता है।**
    - गुरेज़ घाटी **नियंत्रण रेखा** (LoC) के करीब है और **किशनगंगा नदी** कई स्थानों पर इस रेखा का सीमांकन करती है।
    - गुरेज़ घाटी में बसे गाँव-बस्तियाँ उनमें से एक है जहाँ केवल लॉग हाउस, अर्थात् लकड़ी से बने घर पाए जाते हैं, इसके निर्माण में शहरी क्षेत्रों में प्रयोग किये जाने वाले कंक्रीट सामग्री का बिल्कुल प्रयोग नहीं किया जाता है।

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/25-09-2023/print